दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-13, अंक-256 रविवार 15 सितंबर, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

## अग्रवाल कॉलेज में स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

बल्लबगढ़, 14 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष में राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वावधान में स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देने व सभी राष्ट्र सरकारों से मानव अधिकारों को समर्थन व सम्मान देने का महत्वपूर्ण दिन है। इस अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतान्त्रिक मूल्यों व उनके सिद्धांतों के प्रति जागरूक करना व उनमें राजनीतिक दृष्टिकोण और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस प्रतियोगिता में 36 विद्यार्थियों ने सक्रीय भागीदारी दी।



स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा भाटी बी.ए.तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कोमल बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैन्सी शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान भावना बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान कविता बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. शोभना गोयल, विभागाध्यक्षा, वाणिज्य विभाग, डा. पूजा सैनी, विभागाध्यक्षा, संस्कृत विभाग व श्रीमति शैली मालिक, प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग ने निभाई कअंत में महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डा. रितु व सहायक प्राध्यापिका पुष्प सौरोत के सहयोग से संपन्न हुआ।

जनतंत्र टुडे



Example Widget

This is an example widget to show how the Right Sidebar looks by default. You can add custom widgets from the widgets screen in the admin. If custom widgets is added than this will be replaced by those widgets.

EDUCATION-एजुकेशन HARYANA-NCR

# अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस पर स्लोगन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे/ अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 14-09-2024 को अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस के उपलक्ष में राजनीति शास्त्र विभाग के तत्वावधान में स्लोगन लेखन व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डा. संजीव कुमार गुप्ता जी के निर्देशन में किया गया। अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र को बढ़ावा देने व सभी राष्ट्र सरकारों से मानव अधिकारों को समर्थन व सम्मान देने का महत्वपूर्ण दिन है।

इस अवसर पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों को लोकतान्त्रिक मूल्यों व उनके सिद्धांतों के प्रति जागरुक करना व उनमें राजनीतिक दृष्टिकोण और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। इस प्रतियोगिता में 36 विद्यार्थियों ने सक्रीय भागीदारी दी। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निशा भाटी बी.ए.तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कोमल बी.ए. प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नैन्सी शर्मा बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान भावना बी.ए. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान कविता बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डा. शोभना गोयल, विभागाध्यक्षा, वाणिज्य विभाग, डा. पूजा सैनी, विभागाध्यक्षा, संस्कृत विभाग व श्रीमति शैली मलिक, प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग नें निभाई। अंत में महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता बढ़ाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डा. रितु व सहायक प्राध्यापिका श्रीमती पुष्प सौरोत के सहयोग से संपन्न हुआ।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-13, अंक-256 रविवार 15 सितंबर, 2024, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com Satyajay Times satyajaytimes

## कार्यशाला आयोजित

बल्लभगढ़, 14 सितंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ विंग-1 ने शनिवार को "उद्योग और शिक्षा जगत के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों की भूमिका" पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला आयोजित की, जिसका उद्देश्य स्नातकोत्तर छात्रों को आधुनिक परिदृश्य में बौद्धिक संपदा की व्यापक समझ प्रदान करना था। विशेष रूप से पीजी छात्रों के लिए डिजाइन की गई कार्यशाला, शैक्षणिक



शिक्षा और उद्योग प्रथाओं के बीच अंतर को पाटने के संस्थान के चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। इसमें इस बात पर प्रकाश डालने की कोशिश की गई कि कैसे नवाचार को बढ़ावा देने, कृतियों की रक्षा करने और अनुसंधान और विकास को बढ़ाने के लिए अकादमिक और उद्योग दोनों द्वारा आईपीआर का लाभ उठाया जा सकता है। कार्यशाला का आयोजन वाणिज्य विभाग की डॉ. डिंपल और डॉ. शिल्पा गोयल, प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया था। कार्यशाला की व्यवस्था और समन्वयन सुश्री सोनिया यादव, सुश्री लक्ष्मी और सुश्री रितु द्वारा किया गया था। सत्र की वक्ता सीएस नेहा गुप्ता, मेसर्स एनआरजी एंड एसोसिएट्स के मालिक थीं। कार्यशाला की शुरुआत वक्ता के पुष्प स्वागत से की गई, जिन्होंने पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट और व्यापार रहस्य सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने अनुसंधान और वाणिज्यिक सेटिंग्स दोनों में बौद्धिक संपदा प्रबंधन के महत्व को समझाने के लिए वास्तविक दुनिया के उदाहरण और केस अध्ययन साझा किए। छात्र सामग्री के साथ सक्रिय रूप से जुड़े रहे, चर्चाओं और प्रश्नोत्तर सत्रों में भाग लिया, जो आईपीआर के रणनीतिक अनुप्रयोग में गहरी अंतर्दृष्टि प्रदान करते थे।



**Example Widget**

This is an example widget to show how the Right Sidebar looks by default. You can add custom widgets from the widgets screen in the admin. If custom widgets is added than this will be replaced by those widgets.



# अग्रवाल कॉलेज में हिंदी दिवस पर अतिथि व्याख्यान एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

फरीदाबाद,जनतंत्र टुडे/ अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान,निबंध लेखन और कविता गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान एवं अग्रवाल कॉलेज अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट श्री दिनेश कुमार गुप्ता के संरक्षण में कॉलेज में समय-समय पर अनेकानेक प्रतियोगिताएं एवं विशेष दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

अग्रवाल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा हिंदी के प्रति प्रेम और उसके महत्व को और अधिक बढ़ाना था उन्होंने अपनेवक्तव्य में कहा कि हिंदी के प्रति विद्यार्थियों को रुचि रखनी चाहिए और हिंदी दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाना चाहिए।मुख्य अतिथि के रूप में श्री आनंद भाटी (हिंदी प्रवक्ता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से एवं मुख्य अतिथि को पौधा भेंट कर उनके स्वागत के साथ किया गया।

मुख्य अतिथि ने "हिंदी भाषा का इतिहास और वर्तमान स्थिति" विषय पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत के गर्भ से जन्म लेने वाली हिंदी सर्वाधिक वैज्ञानिकता पूर्ण भाषा है और इसी कारण हिंदी की लोकप्रियता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। वैश्विक स्तर पर हिंदी का प्रचार एवं प्रसार अत्यधिक बढ़ गया है। जिसके कारण रोजगार के अवसर भी अत्यधिक बढ़ गए हैं। अतिथि व्याख्यान में जहां एक ओर लगभग 100 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता का निभाई वहीं कविता गायन में 25 एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता मे  लगभग 40 विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को प्रथम,द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार के साथ-साथ प्रमाण पत्र भी दिए गए।

मंच संचालन हिंदी सहायक प्रवक्ता डॉ मधु सिंगला द्वारा किया गया। हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ अशोक निराला,कार्यक्रम संयोजिका डॉ रेनू महेश्वरी, सहायक प्रवक्ता अंजली एवं श्री आशीष सिंह सभी के प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।

